प्रेस विज्ञप्ति

एलआईसी के हाथों एलआईसी की नई जीवन शांति (आस्थगित वार्षिकी योजना) योजना का शुभारंभ

एलआईसी ने एलआईसी की **नई जीवन शांति योजना की शुभारंभ की, जो एक गैर- बद्ध, गैर-भागीदारी, व्यक्तिगत, एकल प्रीमियम, आस्थगित वार्षिकी योजना है।**

पॉलिसी की शुरुआत में वार्षिकी दरें गारंटीकृत हैं और इस योजना के तहत आस्थगन अवधि की समाप्ति के पश्चात वार्षिकीग्राही के जीवनकाल के दौरान वार्षिकी देय होती है। इस योजना को 21 अक्टोबर 2020 से, ऑफ़-लाईन तथा ऑन-लाईन माध्यम से, खरीदा जा सकता है ।

इस योजना के तहत दो वार्षिकी विकल्प उपलब्ध हैं।

विकल्प 1: एकल जीवन के लिए आस्थगित वार्षिकी

आस्थगन अवधि के पश्चात, चयनित तरीके के अंतर्गत वार्षिकी का भुगतान, वार्षिकीग्राही जीवन काल के दौरान बकाया राशि में किया जाएगा। आस्थगन अवधि के दौरान या पश्चात वार्षिकीग्राही के दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के मामले में, मृत्यु लाभ उसके नामित व्यक्ति को देय होगा।

विकल्प 2: संयुक्त जीवन के लिए आस्थगित वार्षिकी

आस्थगन अवधि के पश्चात, चयनित तरीके के अंतर्गत वार्षिकी का भुगतान प्रथम वार्षिकीग्राही और/या दूसरे वार्षिकीग्राही जीवन काल तक किया जायेगा । आस्थगन अवधि के दौरान या पश्चात, अंतिम उत्तरजीवी की मृत्यु पर, मृत्यु लाभ नामित व्यक्ति को देय होगा।

संयुक्त जीवन वार्षिकी को परिवार के किसी भी दो वंशज/पूर्वज (यानी दादा-दादी, माता-पिता, बच्चे, पोते-पोती) या जीवनसाथी या भाई-बहन के बीच लिया जा सकता है।

इस योजना का न्यूनतम खरीद मूल्य (न्यूनतम वार्षिकी मानदंड के अधीन) 1,50,000/- रुपये है। योजना तहत वार्षिकी, वार्षिक, अर्धवार्षिक, त्रैमासिक और मासिक तरीकों के अंतर्गत उपलब्ध है । न्यूनतम वार्षिकी प्रति वर्ष 12,000 रुपये हैं तथा इसमें अधिकतम खरीद मूल्य के लिए कोई सीमा नहीं है। 5,00,000/- और उससे अधिक की खरीद मूल्य के लिए, वार्षिकी दर में वृद्धि के माध्यम से प्रोत्साहन उपलब्ध कराया जाता है। यह योजना 30 वर्ष से 79 वर्ष के आयुवर्ग के लिए उपलब्ध है। इस योजना की न्यूनतम आस्थगन अवधि 1 साल है और अधिकतम आस्थगन अवधि, अधिकतम निहित आयु(80 वर्ष) के लिए 12 वर्ष है ।

यह योजना 50,000 रुपये की न्यूनतम खरीद मूल्य के साथ दिव्यांग आश्रित (विकलांग आश्रित) के लाभ के लिए भी खरीदा जा सकता है ।

इस योजना के तहत ऋण की सुविधा भी उपलब्ध है । इस योजना के तहत सख्त जरूरत के समय तत्काल तरलता का भी प्रावधान है चूंकि पॉलिसी अवधि के दौरान पॉलिसी को किसी भी समय अभ्यर्पण किया जा सकता है।

और अधिक जानकारी के लिए एवं योजना की ऑनलाइन खरीदी के लिए, हमारी वेबसाइट www.licindia.in पर लॉग-ऑन करें ।

एलआईसी, अपनी जीवन अक्षय VII योजना के माध्यम से तत्काल वार्षिकी प्रदान करता है। यूलिप व्यवसाय में भी, एलआईसी अपने तीन यूलिप योजनाओं एलआईसी की एसआईआईपी, एलआईसी की निवेश प्लस, एलआईसी की नवीन बंदोबस्ती प्लस के जरिए, बीमा और निवेश के दोहरे लाभ प्रदान करते हुए, उत्कृष्ट ऊंचाईयों को फलीभूत कर रहा है ।

एलआईसी की पूर्ववर्ती जीवन शांति योजनाएं एलआईसी के अग्रणीय उत्पाद हैं, जिनके तहत 611695 पॉलिसियां 38940.97 करोड़ रुपये के प्रीमियम उगाही पर बेची गईं ।

दिनांक 21 अक्टोबर, 2020, मुंबई ।

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: कार्यकारी निदेशक (निगमित संप्रेषण)
भारतीय जीवन बीमा निगम,
केंद्रीय कार्यालय, मुंबई।
ईमेल आईडी: ed_cc@licindia.com

हमें www.licindia.in पर संपर्क कर सकते हैं ।

हम मानते हैं कि इस रिलीज़ में निहित समाचार आपके पाठकों के लिए महत्वपूर्ण हैं। हालांकि हम आपको इसे जल्द से जल्द प्रकाशित करने के लिए धन्यवाद देंगे, हम यह भी आसानी से पहचानते हैं कि ऐसा करने का निर्णय पूरी तरह से आपके साथ है।